आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :12 अंक :276 पृष्ठ -4 दिनांक 03 अक्टूबर 2024 दिन गुरूवार

# हरियाणा में सीएम योगी आदित्यनाथ ने इन लोगों को बताया चण्ड, मुण्ड और महिषासुर

## सीएम योगी आदित्यनाथ आज हरियाणा की शाहबाद विधान सभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करने पहुंचे



हरियाणा विधानसभा चुनाव के आखिरी दिन सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर नशे के कारोबार और माफियाओं को लेकर निशाना साधा. उन्हा. ेने कहा कि ऐसे लोग देश को निगल लेना चाहते हैं. ये समाज के विकास की सबसे बड़ी बाधा हैं. सीएम योगी ने इन लोगों को चण्ड और मुण्ड बताया और कहा कि ये महिषासुर की तरह युवाओं की जवानी छीन रहे हैं. सीएम योगी ने शाहबाद विधान सभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि श्यह नशे के जो कारोबारी हैं, जो देश को निगल जाना चाहते हैं, युवाओं की जवानी को छीन रहे हैं. ये आज के चण्ड और मुण्ड हैं, ये महिषासुर हैं.श सीएम योगी ने कहा कि हरियाणा हमारी पावन भूमि हैं इसका मतलब श्हरि आना..श भी है. ये भूमि ईश्वर को बार–बार बुलाती है. सीएम योगी ने साधा निशाना सीएम योगी ने हरियाणा का मतलब समझाते हुए कहा कि श्हरिश का मतलब श्रीकृष्ण, श्री विष्णु से हैं श्री राम से है और ये धरती राम को बार बार बुलाने की वजह से ही से इसका नाम हरियाणा हो गया है कि हरि बार–बार यहां आना. उन्होंने कहा कि जो उपदेश 5000 साल पहले जोभगवान श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र में दिया था उसे लिए हमारे पूर्वजों ने इसका नाम हरियाणा रखा. यानी हरि बार–बार उपदेश देने के लिए आना जब जब अत्याचार हा. गे माफिया फलेंगे–फूलेंगे इनका फिर से उन्मूलन करने के लिए बार–बार आना. यह नशे के जो कारोबारी हैं,सीएम योगी ने कहा कि इसलिए डबल इंजन की सरकार हरिश के ही उस उद्देश्य को लेकर आपने सामने आई है.

चाहे ये ड्रग माफिया हो या खनन माफिया, भूमाफिया हों या पशु माफिया.. कोई भी माफिया हो ये समाज के विकास की सबसे बड़ी बाधा है. ये जो नशे को कारोबारी हैं. माफिया प्रवृत्ति को कभी नहीं पनपने देना है, ये देश की पीढ़ी को बर्बाद कर देगा.

## मायावती पॉलिटेक्निक कॉलेज में रात को अनजान दस्तक से दहशत, 172 लड़कियों ने छोड़ा हॉस्टल




उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में स्थिति मायावती गवर्नमेंट पॉलिटे.क्नक कॉलेज में आधी रात को कुछ ऐसा हुआ जिससे यहाँ के हॉस्टल में रहने वाली लड़कियां बुरी तरह घबरा गई हैं. इन छात्राओं में दहशत का ऐसा माहौल है कि हॉस्टल की कुल 187 छात्राओं में से 172 ने तो हॉस्टल ही छोड़ दिया है और वो अपने घर वापस लौट गई है. रविवार की रात को इस कॉलेज में कई अराजक लोगों का समूह घुस गया. जिसके बाद उन्होंने कैंपस में ताकाझांकी की. लड़कियों का कहना है कि ये आवाजे बेहद डराने वाली थीं. लड़कियों का दावा है कि पिछले एक हफ्ते में कई बार ये लोग इस तरह की घुसपैठ की घटनाएं कर चुके हैं. गर्ल्स हॉस्टल में अनजान दस्तक से दहशत लड़कियों का दावा है कि रविवार की रात को हुई घटना और भी ज्यादा डरावनी थी क्योंकि ये लोग लड़कियों के हॉस्टल तक घुस गए और उनके दरवाजों को खटखटाया. अंग्रेजी अखबार से बातचीत में फर्स्ट ईयर की एक छात्रा ने बताया कि कैंपस में कई लोग थे. इनकी उम्र 25–40 साल के बीच की थी, ये लोग लड़कियों के कमरे में ताकाझांकी कर रहे थे. इसके बाद हम लोग बहुत डर गए. लड़कियों का आरोप है कि उन्होंने शोर मचाया तो वहां उनकी आवाज सुनने वाला भी कोई नहीं था. इन घटनाओं के बाद से ही हॉस्टल में दहशत का माहौल है. लड़कियां रात को बाहर शौचालय तक जाने से डरती है. रात में जाग–जागकर निगरानी करती हैं. इस वजह से एक–एक कमरे में 15–15 लड़कियां तक रहने लगी. उनका कहना है कि वो हॉस्टल में खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करती इसलिए उन्होंने हॉस्टल को छोड़ने का ही मन बना लिया. मामले की जांच में जुटी पुलिस रविवार को हुई इस घटना के बाद छात्राओं ने अगले दिन विरोध प्रदर्शन भी किया. वहीं इस मामले पर पुलिस का कहना है कि छात्राओं से बात की गई है. इस घटना के बाद इलाके में गश्त बढ़ा दी गई है. छात्राओं की सुरक्षा को सु. निश्चित करने के लिए निरीक्षण किया जा रहा है. इस संबंध में कॉलेज प्रशासन से भी बात की गई है. जल्द ही इसे लेकर सख्त कदम उठाए जाएंगे.मायावती गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज 22 साल पहले बना था. इस कॉलेज में चार हॉस्टल हैं. लेकिन, आज तक यहां किसी वॉर्डन की तैनाती नहीं हुई है. कैंपस की सुरक्षा भी पुख्ता नहीं है. सुरक्षा के नाम पर चार गार्ड है. इनमें दो दिन में और दो रात को तैनात रहते हैं. ऐसे में अगर एक को छुट्टी लेनी हो तो समस्या और बढ़ जाती है.

## राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्व विद्यालय पहला दीक्षांत समारोह 21 अक्टूबर को, छात्र कुर्ता–पायजामा और छात्राएं पहनेंगी साड़ी, लेंगे स्वर्ण पदक

प्रकाशित पेज न03




## नवरात्रि गुरू गोरक्षनाथ की तपस्थली पर कलश स्थापना, आज सीएम योगी करेंगे शुभारंभ



नाथपंथ के अधिष्ठाता, शिवावतार गुरु गोरखनाथ की तपस्थली गोरक्षपीठ मां आदिशक्ति की पूजा के लिए तैयार है. शारदीय नवरात्र की प्रतिपदा गुरुवार 3 अक्टूबर को गोरखनाथ मंदिर में गोरक्षपीठाधीश्वर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शाम 5 बजे शक्ति मंदिर में कलश स्थापना करेंगे. इसके साथ ही दस दिवसीय विशेष अनुष्ठान का शुभा. रंभ हो जाएगा. विजयदशमी पर रथ पर सवार गोरक्षपीठाधीश्वर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में गोरखनाथ मंदिर से रामलीला मैदान तक भव्य शोभायात्रा निकलेगी. जहां पर मुख्यमंत्री पीठाधीश्वर के रूप में भगवान प्रभु श्रीराम का राजतिलक करेंगे. गोरक्षपीठ में सदियों से विजयदशमी पर भव्य शोभायात्रा की परंपरा का निर्वहन हो रहा है.गोरक्षपीठ में शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ के साथ ही शक्ति की आराधना की अद्भुत परंपरा है. मठ के प्रथम तल पर स्थित शक्ति मंदिर में पूरे नवरात्र (वासंतिक और शारदीय दोनों) अनवरत साधना चलती है. नवरात्र की पूर्णाहुति पर राघव अर्थात भगवान राम का राजतिलक करने की परंपरा अन्यत्र नहीं दिखती. विजयादशमी (दशहरा) पर राघव का राजतिलक करने के लिए गोरक्षपीठाधीश्वर खुद मौजूद रहते हैं. शाम को निकलेगी शोभायात्राइस शारदीय नवरात्र गोरखनाथ मंदिर में होने वाले पारंपरिक अनुष्ठान के बारे में मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ ने बताया कि शारदीय नवरात्र की प्रतिपदा पर गुरुवार (3 अक्टूबर) की शाम 5 बजे गोरखनाथ मंदिर में परंपरागत कलश शोभायात्रा निकलेगी. यह यात्रा मंदिर के परम्परागत सैनिकों की सुरक्षा में निकलेगी जिसमें सभी साधु–संत, पुजारी, योगी, वेदपाठी बालक, पुरोहित और श्रद्धालु शामिल हा. ेगे. कलश यात्रा में शिव, शक्ति और महायोगी गोरखनाथ के अस्त्र त्रिशूल को मंदिर के मुख्य पुजारी लेकर चलेंगे. परंपरा के अनुसार त्रिशूल लेकर चलने वाले को 9 दिन मंदिर में ही रहना होता है. कलश शोभायात्रा के समापन पर भीम सरोवर के पवित्र जल पूरित कलश की स्थापना मठ के प्रथम तल पर स्थित शक्ति मंदिर में गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री कलश योगी आदित्यनाथ द्वारा करने के साथ मां भगवती की विशेष उपासना का शुभारंभ हो जाएगा. ? योगी कमलनाथ ने बताया कि आदिशक्ति मां भगवती दुर्गा के अनुष्ठान शारदीय नवरात्र तथा सत्य, न्याय एवं धर्म की विजय का पावन पर्व विजयादशमी गोरखनाथ मंदिर में परंपरागत तरीके एवं हर्षोल्लास के साथ आश्विन शुक्ल प्रतिपदा से आश्विन शुक्ल दशमी तक विविध अनुष्ठानों के बीच मनाया जाएगा. अष्टमी की शाम महानिशा पूजनमंदिर के प्रधान पुजारी ने बताया कि मठ में शारदीय नवरात्र में श्रीमददेवीभागवत की कथा एवं दुर्गा सप्तशती का पाठ, प्रतिपदा 3 अक्टूबर से पूरे नवरात्र प्रतिदिन सुबह एवं शाम 4 बजे 6 बजे तक चलेगा. देवी–देवताओं के आह्वान के साथ पूजन–आरती होती रहेगी. 10 अक्टूबर, गुरुवार, अष्टमी की शाम 7 बजे से गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ महानिशा पूजन एवं हवन करेंगे.11 अक्टूबर, शुक्रवार को शारदीय नवरात्र की महानवमी तिथि के व्रत के साथ पूर्वाह्न 11 बजे से गोरक्षपीठाधीश्वर और मुख्यमंत्री योगी कुमारी कन्याओं का पांव पखारकर पूजन करेंगे. इस अवसर पर मातृ स्वरूपा कन्याओं के लिए भोज का भी आयोजनहोगऔरगोरक्षपीठाधीश्वर उन्हें दक्षिणा तथा उपहार भेंट करेंगे. बटुक भैरव के रूप में कुछ बालक भी इस पूजन अनुष्ठान में सम्मिलित होंगे. विजयादशमी को गोरक्षपीठाधीश्वर की शोभायात्रा विजयादशमी के दिन 12 अक्टूबर, शनिवार को सुबह 9:15 बजे गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ, श्रीनाथ जी (गुरु गोरखनाथ) का विशिष्ट पूजन करेंगे. उसके बाद सभी देव विग्रह एवं समाधि पर पूजन होगा. अपराह्न 1 बजे से 3 बजे तक गोरक्षपीठाधीश्वर के तिलकोत्सव का कार्यक्रम चलेगा. उसके बाद 4 बजे से सीएमएवंगोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ रथ पर सवार होकर मानसरोवर मंदिर में देव विग्रहों का पूजन एवं अभिषेक करेंगे.इसके उपरांत शाम 5 बजे मानसरोवर रामलीला मैदान में गोरक्षपीठाधीश्वर, श्रीराम दरबार का पूजन करके प्रभु श्रीराम का राजतिलक करेंगे. इस अवसर पर शाम 7 बजे से गोरखनाथ मंदिर में भंडारा का आयोजन होगा.

## अवैध ढंग से चल रहे पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, तीन लोगों की दर्दनाक मौत, सीएम ने लिया संज्ञान



उत्तर प्रदेश के बरेली में एक घर में अवैध ढ़ग से घर में बनाए जा रहे पटाखे में ब्लास्ट हो गया. इसमें तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन लोग घायल हो गए. यह धमाका इतना भीषण था कि आसपास के कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे गए और राहत बचाव का कार्य शुरू कर दिया. यह घटना बरेली के सिरौली थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव की. यहां रहमान शाह नाम के व्यक्ति के घर में अवैध ढंग से बनाए जा रहे पटाखे में ब्लास्ट हो गया. इस धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि लोग आवाज सुनकर सिहर उठे. ब्लास्ट के बाद मौके आसमान धुंए और गुबार से भर गया, जबकि आसपास मौजूद कई घर क्षतिग्रस्त हो गए. अवैध ढंग से बनाए जा रहे थे पटाखे घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर एडीजी जोन रमित शर्मा, एसएसपी अनुराग आर्य, डीएम रविंद्र कुमार समेत एसडीआरएफ की टीम पहुंची और मलबे में दबे लोगों को रेस्क्यू शुरू कर दिया. शुरूआती जांच में सामने आया है कि कल्याणपुर गांव में रहमान शाह के घर घनी बस्ती में अवैध तरीके से पटाखे बनाए जा रहे थे. पटाखे बनाने का लाइसेंस रहमान शाह के भाई नासिर शाह के नाम है, ये उसकी ससुराल है. धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि काफी दूर–दूर तक इसकी आवाज सुनाई पड़ी. गांव के ग्राम प्रधान राफिर खान का कहना है कि ये नासिर खान की ससुराल है और यहां पर लगभग 3 बजकर 40 मिनट पर एक तेज धमाके की आवाज सुनी गई. इस हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई जबकि 2 बच्चे लापता हैं. इस वक्त सर्च ऑपरेशन चल रहा है. एक अज्ञात समेत 3 की मौतइस दर्दनाक हादसे में रहमान शाह के परिवार की तबस्सुम, रुखसाना और एक अज्ञात की मौत हो गई है. दो लोग लापता बताए जा रहे हैं. इसके अलावा रहमान शाह, छोटी बेग पत्नी रहमान शाह, फातिमा पत्नी नाजिम, सितारा पत्नी नासिर घायल हो गए. जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि इस हादसे में उनका ट्रैक्टर भी क्षतिग्रस्त हो गया और ब्लास्ट की चपमेट में आने से दो भैंसों की भी मौत हो गई. इसके अलावा एक कमरा भी टूट गया है. मौके पर सर्च ऑपरेशन जारीएसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि घटना की सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पुलिस पहुंच गई और रेस्क्यू काम शुरू किया. मौके पर एसडीआरएफ और फील्ड यूनिट मौजूद है. उन्होंने बताया कि इस हादसे में 3 महिलाओं की मौत हो गई है, जबकि 5 लोग घायल है.एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि मौके पर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है. जिस घर में ब्लास्ट हुआ है वो नासिर खान की ससुराल है. उन्होंने बताया कि उसके पास सिरौली कस्बे का लाइसेंस था लेकिन वो वहां से अपनी ससुराल में आ गया था. इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी. शिकायत के लिए हेल्पलाइन जारी सूचना विभाग की ओर से प्रेस नोट जारी कर बताया गया कि अपर जिलाधिकारी नगर ने अवगत कराया है कि जनपद बरेली में 46 पटाखे बेचने के लाइसेंसी हैं और 4 पटाखे बनाने के लाइसेंस हैं. जिनमें थाना सिरौली के तहत कल्याणपुर हैवतपुर गांव में हुई दुर्घटना से संबंधित परिवार या व्यक्ति का नाम नहीं है. प्रेस नोट में आगे बताया गया कि दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति अवैध रूप से पटाखे संबंधी क्रियाकलाप कर रहे थे. इस घटना में मृतक के परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए और भविष्य में ऐसी दुर्घटना रोकने के लिए जिलाधिकारी बरेली ने एक हेल्पलाइन नंबर 0581–2422202 जारी किया है. नोट में कहा गया है कि इन नंबरों पर आम लोग पटाखे से संबंधित अवैध कार्य की सूचना दे सकते हैं, जिससे कि समय पर उचित कार्रवाई करके ऐसी दुर्घटना को रोका जा सकें. साथ ही साथ कल से प्रशासन के जरिये इस संबंध में एक अभियान भी चलाया जायेगा.मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान इस मामले में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद बरेली में पटाखा फैक्ट्री में हुए हादसे का संज्ञान लिया है. मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है. मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए गए हैं. उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है. मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं.

# दिल्ली में मां की पूजा भी हुई महंगी, 20 से 50 प्रतिशत तक बढ़े फल-फूल और पूजा सामग्रियों के दाम

दिल्ली में आज से नवरात्र पूजा की शुरुआत हो गई. पूजा के लिए घर से लेकर बाजार तक सज चुके हैं, लेकिन पूजा सामग्री की कीमतों में 20 से 50 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी रुलाने वाली है.आज से जहां नवरात्र की पूजा शुरू हो गई है, वहीं छोटे–बड़े सभी बाजारों में प्रतिमा–मूर्ति, पूजा सामग्री और व्रत के सामानों से दुकानें सज चुकी हैं, जहां लोग नवरात्रा की पूजा से संबंधित सामानों की खरीदारी के लिए जमकर कर रहे हैं.इस बार पूजा में इस्तेमाल किए जाने वाले पीतल और तांबे के दिये–बर्तनों आदि की कीमतों में उछाल देखा जा रहा है.दिल्ली में पीतल की ओमजोत 300 से 750 रुपये तक बिक रहा है, वहीं अखण्डजोत की कीमत 90 रुपये से शुरू हो कर 650 तक पहुंच रही है. पश्चिमी दिल्ली के ककरौला इलाके के दुकानदार राजीव वर्मा ने बताया कि पिछले साल के अपेक्षा इस साल पीतल और तांबे की



वस्तुओं में करीब 20: की बढ़ोतरी हुई है. माता की चुनरी बाजारों में 30 से शुरू हो कर 500 रुपये तक कि मिल रही हैं. नारियल 40 से 60 रुपये, फूलों की माला 30 रुपये, आम का पत्ता 10 रुपये, प्याला (कुंडी) 40–50 रुपये, कलश मिट्टी का 20–90 रुपये, मां दुर्गा की मूर्ति 100– 450 रुपये, दिया नॉर्मल और पंचमुखी 10–50 रुपये प्रति पीस तक कि कीमत पर बिक रहे हैं, जो पिछले साल की तुलना में 20 प्रतिशत तक अधिक हैं.पूजा में इस्तेमाल होने वाले फूलों की कीमतों में सबसे अधिक 50 प्रतिशत तक कि वृद्धि देखी जा रही है. अमूमन 80 से 100 रुपये किलो बिकने वाला गेंदा का फूल कल से 150 से 200 रुपये किलों मिलने लगा है. बात गुलाब फूल की करें तो वो दो दिन पहले तक 200 रुपये किलो मिला करता था. आज 300 रुपये किलो मिल रहा है. गुलदाबदी फूल का रेट तो दोगुना हो गया, दो दिन पहले तक 200 से 250 रुपये किलो था, जो आज 400 रुपये किलो मिल रहा है. आम पूजा से जुड़े दुकानों पर गेंदे के माला 30 रुपये से लेकर 50 रुपये तक का मिल रहा है. फल विक्रेता शुशील ने बताया की इस बार नवरात्र को लेकर फलों की कीमतों में भी 10 से 15 प्रतिशत तक कि तेजी देखने को मिल रही है. बाजारों में सेब (ग्रीन, गोल्डन और नॉर्मल) 140–260 रुपये प्रतिकिलो की दर से बिक रहे हैं, तो वहीं, संतरा 100 रुपये, किन्नू 300, अमरूद 120, अंगूर 400, अनार 280 से 400, शरीफा 300, बब्बू गोसा 140–350 और आलू बुखारा 300 रुपये प्रतिकिलो तक बिक रहा है. जबकि ड्रैगन फ्रूट के एक पीस के लिए लोगों को 120 रुपये और दर्जन भर केले के लिए 70 से 80 रुपये देने पड़ रहे हैं.

## शाही ईदगाह इलाके में आज लगेगी रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति? . . भारी संख्या में पुलिसकर्मी की तैनाती



दिल्ली के सदर बाजार इलाके में शाही ईदगाह के पास रानी लक्ष्मीबाई (त्ंदप स्•उपइंप ) की मूर्ति लगाने को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है. विरोध के बाद मूर्ति लगाने का काम फिलहाल रोक दिया गया है, लेकिन क्षेत्र में इस मसले को लेकर तनाव को देखते हुए इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है. इस बीच दिल्ली दिल्ली विकास प्राधिकरण ¼DDA½ के अधिकारी मौके का निरीक्षण करने मौके पर पहुंचे हैं. दिल्ली हाईकोर्ट ने इस मसले पर एक अक्टूबर 2024 को सुनवाई के बाद अपनी टिप्पणी में कहा था कि रानी लक्ष्मीबाई कोई धार्मिक हस्ती नहीं हैं. कोर्ट नहीं चाहती कि यह मुद्दा बेवजह विवाद का विषय बने. मुख्य न्यायाधीश जस्टिस मनमोहन और जस्टिस तुषार राव गेडला की पीठ ने कहा कि अदालत मूर्ति स्थापना के विरोध को नहीं समझ पा रही है. इस मसले में को अदालती आदेश के बजाय विरोधी पक्ष को स्वेच्छा से काम करना चाहिए, वह धार्मिक (व्यक्ति) नहीं हैं. हम 1857 की पहली स्वतंत्रता संग्राम को नहीं भूल सकते हैं. क्या है पूरा विवाद?दिल्ली के झंडेवालान चौक पर अभी रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति लगी हुई है. झंडेवालान से पहाड़गंज तक ट्रैफिक रेड लाइट फ्री होनी है. इस वजह से मूर्ति को झंडेवालान चौक से मोतिया खान शिफ्ट करने की योजना है. मूर्ति शिफ्ट करने के लिए डीडीए ने अपनी जमीन दी है, जिस पर शाही ईदगाह कमेटी का दावा है कि वो वक्फ बोर्ड की जमीन है. दरअसल, पीडब्लूडी दिल्ली ने 2016–17 में एक योजना तैयार की थी. इसके मुताबिक देशबंधु गुप्ता रोड पर रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति को शिफ्ट होना था. शाही ईदगाह के पास मूर्ति लगाने के लिए डीडीए ¼DDA½ ने जमीन दी थी. अब ईदगाह समिति इसके विरोध में दिल्ली हाईकोर्ट चली गई.

## यूपी उपचुनाव के लिए सपा निकाल रही साइकिल यात्रा, मिल्कीपुर में नेताजी की बरसी पर होगा समापन



लोकसभा चुनाव 2024 में पीडीए का नारा सफल होने के बाद समाजवादी पार्टी 2027 के लिए भी अपनी उसी पीडीए की रणनीति पर आगे भी बढ़ रही है. उत्तर प्रदेश में आने वाले दिनों में 10 सीटों पर उपचुनाव होने हैं, उसको लेकर भी समाजवादी पार्टी अलग–अलग जगह पर पीडीए कार्यक्रम कर रही है. जिसमें इन वर्ग के लोगों को जोड़ने की का काम किया जा रहा है. इसी कड़ी में समाजवादी पार्टी में पूर्वांचल में अपने गढ़ आजमगढ़ से संविधान बचाओ, पीडीए सामाजिक न्याय साइकिल यात्रा की शुरुआत 2 अक्टूबर गांधी जयंती से की है और यह साइकिल यात्रा कुल 9 दिनों तक चलकर, 10 तारीख को अयोध्या की मिल्कीपुर में नेताजी की बरसी पर समाप्त होगी.आजमगढ़ से शुरू हुई है यात्रा रोजाना 20 किलोमीटर का सफर तय करेगी. जिसमें पहले दिन आजमगढ़ से बिलरियागंज जाएगी, दूसरे दिन बिलरियागंज से महाराजगंज होते हुए कप्तानगंज जाएगी, तीसरे दिन कप्तानगंज से बूढ़नपुर होते हुए अतरौलिया जाएगी, चौथे दिन अतरौलिया से जलालपुर जाएगी, पांचवें दिन जलालपुर से हज्जपुरा होते हुए अंबेडकर नगर जाएगी. छठे दिन अंबेडकर नगर से कटेहरी होते हुए गोसाईगंज जाएगी, सातवें दिन गोसाईगंज से माया बाजार होते हुए पूरा बाजार जाएगी, आठवें दिन पूरा बाजार से अयोध्या जायेगी और नौवें दिन ये यात्रा अयोध्या से मिल्कीपुर जायेगी, जहां इसका समापन होगा.इस यात्रा की शुरुवात आजमगढ़ में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ और कद्दावर नेता दुर्गा प्रसाद यादव ने  हरी झंडी दिखाकर की है तो वहीं इसका समापन अयोध्या के मिल्कीपुर में अयोध्या से सांसद अवधेश प्रसाद करेंगे. आने वाले दिनों में होने वाले उपचुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने तो अपनी कमर कसी ली है वहीं सपा ने भी किसी भी हाल में अपनी सीटों के साथ–साथ भाजपा के खेमे की भी सीटों पर बढ़त बनाने की तैयारी कर रही है. मिल्कीपुर सीट की कमान खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ली है पर वहीं अयोध्या से सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे इस सीट से प्रत्याशी हैं और अवधेश प्रसाद एक बार फिर से इस सीट पर भाजपा को पटखनी देने का दावा कर रहे हैं.

## बूंदी में गुरुकुल में आग लगने से तीन छात्र झुलसे, मच्छर . . भगाने के लिए जलाई थी नीम की पत्तियां



राजस्थान के बूंदी जिले में एक गुरुकुल में कथित तौर पर मच्छर भगाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले नीम के पत्तों से निकली चिंगारी के कारण लगी आग में तीन छात्र झुलस गए. पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी.उन्होंने बताया कि यह घटना बुधवार को देई क्षेत्र के तलावास गांव में घटी, जब 14 लड़के हॉल के एक कोने में मच्छर भगाने के लिए सूखी नीम की पत्तियां जला रहे थे, जहां वे फोम के गद्दों पर सो रहे थे.देई थाना प्रभारी बाबूलाल ने बताया कि देर रात पंखे और कूलर की हवा से राख से निकली चिंगारी फोम के गद्दे पर पड़ने से आग लग गई. बाबूलाल ने बताया कि रितेश शर्मा (13), शिवशंकर शर्मा (13) और अभिजीत शर्मा (12) 60 प्रतिशत झुलस गए. गुरुकुल के शिक्षक सुरेश शर्मा ने बताया कि उन्होंने बुधवार रात 10रू30 बजे तक 14 बच्चों को पढ़ाया था. उन्होंने बताया कि कक्षाओं के बाद 10 लड़के बड़े हॉल में पंखे और कूलर चलाकर सोते थे, जबकि चार लड़के बाहर सोते थे. उन्होंने बताया कि लड़कों की चीख सुनकर वह तुरंत दौड़े और उन्हें आग से बचाया. हालांकि तब तक तीन लड़के झुलस चुके थे.

## बस्तर में नवरात्रि की धूम, 52 शक्तिपीठों में से एक दंतेश्वरी . . देवी का मंदिर, यहां पूरी होती है हर मनोकामना

छत्तीसगढ़ के बस्तर में भी शारदीय नवरात्रि धूमधाम से मनाया जा रहा है. बस्तर की आराध्य देवी माई दंतेश्वरी के मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगना शुरू हो गय. रियासतकाल से ही माई दंतेश्वरी के प्रति लोगों की काफी गहरी आस्था जुड़ी हुई है. यही वजह है कि छत्तीसगढ़ से ही नहीं बल्कि बाकी राज्यों से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु जगदलपुर और दंतेवाड़ा में मौजूद मां दंतेश्वरी देवी के मंदिर में दर्शन के लिए पंहुचते हैं.दरअसल दंत. `वाड़ा में मौजूद दंतेश्वरी देवी का मंदिर देश के 52 शक्तिपीठों में से एक है. शारदीय नवरात्रि के मौके पर मां दंतेश्वरी देवी के मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है, बड़ी संख्या में बस्तर संभाग के साथ पड़ोसी राज्य उड़ीसा और तेलंगाना से भी श्रद्धालु मां दंतेश्वरी देवी के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं. दंतेश्वरी माता से लोगों की काफी गहरी आस्था जुड़ी हुई है. देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में मनोकामना दीप जलाया है. वहीं अब आगामी 9 दिनों तक नवरात्रि के मौके पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु की भीड़ मंदिर में देवी के दर्शन के लिए पहुंचेगी. इधर टेंपल कमेटी ने भी श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया है.अगले 9 दिनों तक मंदिर में विशेष पूजा पाठ की जाएगी. इधर दंतेवाड़ा के इस प्रसिद्ध देवी मंदिर में करोड़ों रुपये की लागत से प्रदेश का पहला और सबसे बड़ा कॉरिडोर भी बनकर तैयार हो गया है. इस कॉरिडोर में मां दंतेश्वरी देवी से जुड़ी की किवद. `तियां, आदिवासी कल्चर, दंतेवाड़ा का इतिहास समेत अन्य कई तरह की झलकियां देखने को मिलेगी.हजारों की संख्या में जलाई गयी मनोकामना दीप. नवरात्रि के पावन अवसर पर सुबह से ही देवी के मंदिरों में भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया है. माई दंतेश्वरी बस्तर की कुल देवी मानी जाती है. श्रद्धालुओं का कहना है कि रियासतकाल से ही देवी के प्रति लोगों की सच्ची आस्था जुड़ी है.दूर दराज से लोग माई दंतेश्वरी के दर्शन के लिए बस्तर पंहुचते हैं हजारों की संख्या में मनोकामना दीप जलाकर माई से मन्नते मांगते हैं. दंत. `वाड़ा में स्थित मंदिर में इस साल 11 हजार  से अधिक मनोकामना दीप जलाए गए हैं.देश के कोने–कोने के साथ–साथ विदेशों में रहने वाले श्रद्धालुओं ने भी मनोकामना दीप जलाए हैं. मंदिर के प्रधान पुजारी कृष्ण कुमार का कहना है कि बस्तर की आराध्य देवी माई दंतेश्वरी से लोगों की काफी आस्था जुड़ी ई है, यही वजह है कि इन दिनों में स्थानीय श्रद्धालु के साथ दूर दराज से लोग माता के दर्शन के लिए बडी संख्या में मंदिर पंहुचते हैं. कहा जाता है कि आतंक पर सदैव आस्था भारी पड़ी है. यही वजह है कि नक्सल प्रभावित इलाका होने के बावजूद बस्तर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु माई दंतेश्वरी के दर्शन के लिए पंहुचते हैं.

आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिये जिला ब्यूरो चीफ, मण्डल ब्यूरो चीफ,ब्लॉक ब्यूरो एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें – अमित कुमार वर्मा
सम्पादक
मो:8218049162,8273402499

जननायक सम्राट
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक,प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल, अलीगढ़ से मुद्रित कराकर कार्यालय सरोज नगर ,गली नम्बर 5, अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक
अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायालय ही होगा।

# डीएम 05 अक्टूबर को खैर सम्पूर्ण समाधान दिवस में जन शिकायतों का कराएंगे निस्तारण

अलीगढ़ जिलाधिकारी विशाख जी0 की अध्यक्षता में माह के प्रथम शनिवार 05 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से तहसील सभागार खैर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी नगर अमित कुमार भट्ट ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है रोस्टर के अनुसार सीडीओ कोल में, एडीएम प्रशासन तहसील गभाना में जनशिकायतों का निस्तारण कराएंगे।

## पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राएं दशमोत्तर छात्रवृत्ति शुल्कप्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत 20 नवम्बर तक करें आवेदन




अलीगढ़ जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रजनीश कुमार पाण्डेय ने अवगत कराया है कि शैक्षणिक सत्र 2024–25 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति शुल्कप्रतिपूर्ति (कक्षा 11–12 छोड़कर) योजनान्तर्गत छात्र–छात्राएं 20 नवम्बर तक आवेदन कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि जिले के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत अन्य पिछड़ा वर्ग जाति के छात्र–छात्राओं को संशोधित समय सारणी के अनुसार छात्रवृत्ति के ऑनलाइन आवेदन के लिए 20 नवम्बर तक एवं विद्यालय द्वारा मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय एफिलिएटिंग एजेंसी, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा फीस के सत्यापन किए जाने की अंतिम तिथि 11 नवम्बर निर्धारित है। उन्होंने बताया कि योजना के संबंध में विस्तृत दिशा–निर्देश एवं समय सारणी वेबसाइट scholarship-up-gov.पद पर उपलब्ध है और अन्य जानकारी के लिए विकास भवन स्थित कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## श्री वार्ष्णेय मंदिर अलीगढ़ पर श्री नवदुर्गा महोत्सव पर मातारानी की हुई विशेष पूजा, पवित्र कलश की भी हुई स्थापना



श्री वार्ष्णेय मंदिर अलीगढ पर नवदुर्गा पूजा महोत्सव बड़े ही भक्ति भाव और आस्था के साथ प्रारम्भ हुआ ।इस सम्बन्ध में श्री वार्ष्णेय मंदिर के प्रवक्ता भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक ने बताया कि 3 अक्टूबर 2024 को प्रातः 10 बजे से इस कार्यक्रम का शुभारम्भ मातारानी की विशेष पूजा अर्चना एवं कलश स्थापना के साथ हुआ ।अलीगढ के सुप्रसिद्ध समाज सेवी और कार्यक्रम के मुख्य यजमान श्री संजीव वैभव और उनकी पत्नी श्रीमती सीमा वैभव ने माता रानी का पूजन कर किया । कार्यक्रम में पवित्र कलश की स्थापना संदीप वार्ष्णेय घी एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अलका वार्ष्णेय, गौरव गुप्ता ब्रास एवम उनकी धर्म पत्नी शिवानी ब्रास, कृष्ण कुमार सीटू , भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक आदि ने की और माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त कियामातारानी की पूजा मंदिर महंत पंडित मनोज मिश्रा , पंडित महेश ब्रह्मचारी ने वैदिक रीति से विधि विधान से कराई । इस अवसर पर मुख्य रूप से मन्दिर व्यवस्थापक श्री राधेश्याम गुप्ता स्क्रेप वाले , संजीव बैभव , सीमा वैभव , भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक , मनोज वार्ष्णेय एडवोकेट , श्वेता वार्ष्णेय, संदीप वार्ष्णेय घी , अलका वार्ष्णेय , गौरव गुप्ता ब्रास , शिवानी ब्रास , मंदिर महंत पंडित मनोज मिश्रा आदि उपस्थित थे ।

## राजामहेंद्र प्रतापसिंह राज्य विश्वविद्यालय (आरएमपीएसयू) ?पहला दीक्षांत समारोह 21 अक्टूबर को, छात्र कुर्ता–पायजामा और छात्राएं पहनेंगी साड़ी, लेंगे . स्वर्ण पदक



समारोह छात्र के लिए सफेद रंग का कुर्ता–पायजामा और छात्रा के लिए सफेद साड़ी, जिसमें लाल रंग का बॉर्डर होगा। शिक्षिका के लिए क्रीम रंग की साड़ी, जिसमें सुनहरे रंग का बॉर्डर होगा। शिक्षक के लिए क्रीम रंग का कुर्ता–पायजामा निर्धारित होगा।राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय (आरएमपीएसयू) का दीक्षांत समारोह 21 अक्तूबर को होगा। समारोह में छात्र कुर्ता–पायजामा और छात्राएं साड़ी पहनकर स्वर्ण पदक व प्रमाण पत्र लेंगी। ड्रेस कोड सहित अन्य तैयारियों पर 5 अक्तूबर को होने वाली कार्यकारी परिषद की बैठक में मुहर लगेगी। समारोह में 17 समिति और एक कोर समिति बनाई गई हैस्नातक और परास्नातक अलग–अलग पा. ठ्यक्रमों में सर्वाधिक अंक लाने वाले 41 मेधावियों को स्वर्ण पदक व प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। उनके लिए वेशभूषा भी निर्धारित कर दी गई है।

छात्र के लिए सफेद रंग का कुर्ता–पायजामा और छात्रा के लिए सफेद साड़ी, जिसमें लाल रंग का बॉर्डर होगा। इसी तरह समिति व कमेटी में शामिल लोगों के लिए भी वेशभूषा निर्धारित कर दी गई है। शिक्षिका के लिए क्रीम रंग की साड़ी, जिसमें सुनहरे रंग का बॉर्डर होगा। शिक्षक के लिए क्रीम रंग का कुर्ता–पायजामा निर्धारित हा. `गा। इस संबंध में कुलपति प्रो. चंद्रशेखर ने बताया कि कार्यकारी परिषद की बैठक में वेशभूषा पर मुहर लगेगी। ये हैं कोर कमेटी मेंप्रो. गीतिका सिंह, प्रो. अंजना कुमारी, प्रो. सुभाष चौधरी, प्रो. इंदु वार्ष्णेय, प्रो. नीता वार्ष्णेय प्रो. कृष्णा अग्रवाल, डॉ. कमल सिंह। यह कमेटी समितियों की मानीटरिंग करेगी।? समिति और उनके समन्वयक दीक्षांत समारोह में गार्ड ऑफ ऑनर समिति में प्रो. पुष्पेंद्र सिंह, पदक वितरण समिति में प्रो. कमल सिंह, आमंत्रण समिति में प्रो. चंद्रवीर सिंह, पंडाल निर्माण समिति में प्रो. सुभाष चौधरी, स्वागत समिति में प्रो. कृष्णा अग्रवाल, सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति में प्रो. ब्रजरानी शर्मा, शैक्षिक परिधान व उपाधि शुल्क समिति में प्रो. प्रदीप कुमार, शैक्षिक परिधानों का निर्धारण व वितरण समिति में प्रो. नीता वार्ष्णेय, शैक्षिक शोभायात्रा समिति में प्रो. अंजना कुमारी, फोटोग्राफी, वीडियो व मीडिया समिति में प्रो. रोली अग्रवाल, दीक्षांत भाषण व स्मारिका समिति में प्रो. इंदु वार्ष्णेय, जलपान व भोजन समिति में प्रो. गी. तिका सिंह, प्रशासनिक समिति में डॉ. निर्मेश कुमार सेंगर, संचालन समिति में प्रो. इंदु वार्ष्णेय वाहन व्यवस्था समिति में प्रो. हरीश शर्मा, अनुशासन समिति में डॉ. अनिल कुमार वार्ष्णेय, दूसरी स्वागत समिति के अध्यक्ष कुलपति हैं।



# मालगाड़ी से कटकर किशोर की मौत, हुई शिनाख्त, परिजनों का रो-रोकर है बुरा हाल

मालगाड़ी से कटकर किशोर की मौत हो गई थी। मृतक की शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम हुआ। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मौत से परिवार में मातम छा गया।2 अक्टूबर दोपहर सहपऊ स्थित जलेसर रोड के मानिकपुर रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी से कटकर युवक की मौत हो गई थी। सोशल मीडिया पर फोटो प्रसारित होने के बाद परिजनों ने उसकी पहिचान 15 वर्षीय आशीष कुमार पुत्र बिजेन्द्र सिंह के रूप में की। शिनाख्त होने के बाद परिवार में कोहराम मच गया । 3 अक्टूबर सुबह पोस्टमार्टम के होने के बाद पुलिस ने मृतक के शव को परिजनों के लिए सौंप दिया। करीब आठ वर्ष पहले उसके पिता बिजेन्द्र सिंह एवं उसके बड़े भाई अंकित कुमार की भी ट्रेन की चपेट में आने पर मौत हो गई थी।
मृतक के पिता क्षयरोग से पीड़ित थे । वह दवा लेकर अंकित के साथ अलीगढ़ से ट्रेन से गांव वापस लौट रहे थे। अचानक वह ट्रेन की चपेट में आ गए । उसे बचाने के प्रयास में अंकित भी ट्रेन की चपेट में आ गया । पिता–पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई थी। अब उसके परिवार में मां, बड़ा भाई एवं दो बहिनें रह गई। सभी का रो–रोकर बुरा हाल है।





अलीगढ़ 2 अक्टूबर 2024 को कार्यालय जिलाधिकारी नियंत्रक F_24 प्रथम तल विकास भवन रामघाट रोड अलीगढ़ ( कार्यालय नागरिक सुरक्षा अलीगढ़ )में प्रभारी निरीक्षक नागरिक सुरक्षा अलीगढ़ श्री सी.पी सिंह महोदय के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई। प्रभारी निरीक्षक नागरिक सुरक्षा अलीगढ़ श्री सी.पी सिंह महोदय ने सिविल डिफेंस के समस्त जवानों को एक संदेश के रूप में कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने हमें स्वच्छताएकताअखंडता का संदेश दिया तो वहीं लाल बहादुर शास्त्री जी ने हमें आर्थिक सुशीता और विपरीत परिस्थितियों में काम करने की क्षमता का संदेश दिया इसलिए हम सभी को इन महान पुरुषों के संदेशों की पालना करनी चाहिए।

# स्मार्ट सिटी के नाम पर जनता को किया जा रहा है गुमराह अधिकारी व नेता बने भ्रष्टाचारी

इन दिनों पूरे अलीगढ़ महानगर में प्रतिदिन कहीं न कहीं जलभराव टूटी हुई गड्ढेयुक्त सड़कें दूषित एवं अनियमित पेयजल आपूर्ति एवं पथ प्रकाश व्यवस्था भंग होने की शिकायतें लेकर प्रतिदिन विभिन्न क्षेत्रों के नागरिक हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रभारी विवेक बंसल के कार्यालय अयोध्या कुटी मैरिस रोड पर आते हैं इन्हीं समस्याओं को लेकर आज विवेक बंसल के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने नगर निगम कार्यालय सेवा भवन के बाहर धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया धरना स्थल पर कांग्रेसजनों द्वारा भारी नारेबाजी करने के बीच कांग्रेसजनों व नागरिकों को सम्भोधित करते हुए विवेक बंसल ने कहा कि पूरा अलीगढ़ महानगर अव्यवस्थाओं की चपेट में है कहीं टूटी फूटी सड़कें, गली मोहल्लों में आये दिन किसी न किसी बहाने बनी हुई सड़कें खोद दी जाती हैं, कहीं जलभराव, कहीं कूड़े व गंदिगी का साम्राज्य, कहीं पेयजल आपूर्ति पर्याप्त न होना और कहीं हो रही है तो वहां नागरिकों को दूषित पानी मिल रहा है, इसके साथ साथ गृहकर, जलकर के नाम पर जनता से खुली लूट की जा रही है और तो और नगर निगम के अधिकारियों का ये हाल है कि वे फोन तक नहीं उठाते हैं, इसके लिए प्रतिदिन जनता आन्दोलन कर रही है लेकिन जनता की कोई सुनवाई नहीं हो रही है, ये भाजपा का सुराज है ᑊ सहायक नगर आयुक्त ने बाहर आकर वार्ता करने का प्रयास किया लेकिन बात नहीं बनी, विवेक बंसल ने उनसे कहा कि या तो नगर आयुक्त बाहर आकर



हमसे वार्ता करें अन्यथा हम कांग्रेसजन अन्दर जाकर उनके कार्यालय का घेराव करेंगे, लेकिन नगर आयुक्त बाहर नहीं आये तो धरना दे रहे समस्त कांग्रेसजन नगर आयुक्त के कार्यालय के समक्ष पहुँच गए और भारी नारेबाजी करने लगे इसके बाद नागर आयुक्त ने मामले की गर्माहट को देखते हुए विवेक बंसल को पांच व्यक्तियों के साथ वार्ता करने के लिए अपने कार्यालय में बुलाया वहां विवेक बंसल ने किशनपुर में पेयजल आपूर्ति लाइन टेंडर हो जाने के बाद भी लाइन न बिछाए जाने, शाहजमाल एवं ईदगाह क्षेत्र के आसपास जलभराव, वी. आई.पी. रोड, मैरिस रोड पर आये दिन जलभराव, जयगंज, खाई डोरा, गोंडा रोड, जमाल नगर, खैर रोड, नौरंगाबाद आदि क्षेत्रों में जलभराव तथा दूषित व अनियमित पेयजल आपूर्ति के विषय में व पूरे अलीगढ़ महानगर के अन्दर अनेकों टूटी फूटी गड्ढायुक्त सड़कों के विषय में वार्ता की ᑊ इसके बाद विवेक बंसल ने पूरे अलीगढ़ महानगर की इन समस्याओं को लिखित रूप में नगर आयुक्त को दिया नगर आयुक्त ने विवेक बंसल को आश्वस्त किया कि इन समस्यओं के समाधान के लिए कार्य प्रारंभ हो चुके हैं और बहुत जल्द जनता को इनसे राहत निलेगी । जिला अध्यक्ष ठाकुर सोमवीर सिंह व महानगर अध्यक्ष नवेद खान ने उक्त समस्याओं का समाधान जल्द न होने पर जनता के साथ मिलकर भारी आंदोलन करने की चेतावनी दी । धरना देने वाले प्रमुख कांग्रेसजनों में वरिष्ठ कांग्रेसी पूरनचंद देशमुख, पूर्व अध्यक्ष नौशाद कुरैशी, सेवादल कांग्रेस प्रदेश महासचिव तारिक गाँधी, सेवादल जिलाध्यक्ष आलोक गौड़, पूर्व अध्यक्ष सलाउद्दीन वसी, एस.सीध्एस.टी.प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश बाल्मीकि, अमजद हुसैन, कफील अहमद खान, शाहरुख खान, मोहम्मद सुहैल अख्तर, पूर्व अध्यक्ष तल्हा अबरार, सेवादल प्रदेश महासचिव जियाउद्दीन राही, पार्षद बिजेंद्र सिंह बघेल, शाहिद खान, प्रदीप रावत, आनंद बघेल, मोहम्मद असलम कुरैशी, सुभाष बागड़ी, जितेन्द्र कुमार, राशिद अली, आमिर मुन्तजिर, युवा कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष उजैर दिलशाद, आजम कुरैशी, खालिद हाशमी, डा० अमजद अली सिद्दीकी, अकील कुरैशी, अनुराग प्रताप सिंह, पूर्व पार्षद अरविन्द शर्मा, नादिर खान, एस. सीध्एस.टी. जिलाध्यक्ष कृष्णकांत सिंह, रोदाश सिंह जाटव, एजाज अल्वी, अयाज कुरैशी, ओमप्रकाश जी, नरेन्द्र मिश्रा, वसीम खान, पूर्व पार्षद इरशाद फरीदी, डा० राकेश सारस्वत, डा जयवीर उपाध्याय, संजू गुप्ता, चेतन्य प्रताप सिंह, मुकीम पठान, वसीम अहमद मलिक, बिट्टू ठाकुर, शशिकांत वार्ष्णेय, भूदेव प्रसाद, रामवीर सिंह बघेल, मोहम्मद दिलशाद, नबी अहमद, कुतुबुद्दीन, सिराज मलिक, बाबुद्दीन अब्बासी, चौधरी वीरेंद्र सिंह, विनेश कुमार सिंह, मोहम्मद सलमान, शादाब फजल, संजय तौमर, सुनील कुमार जाटव, बिरजू जाटव, अहमर अली, चन्द्रप्रकाश गोयल, रईस गाजी, आमिर जमील, सुमित कुमार कालू, पुरषोत्तम शर्मा, लोकेश उपाध्याय, साजिद बेग, हनी दयाल, वसीम मलिक, एनुलहक मुन्ना, नूर मोहम्मद नूरी, राकेश चौहान, अतर सिंह, मोहम्मद मंसूर, अमित अग. वाल, हबीब मलिक, जतन अग्रवाल, इमरान रफीक, हिमांशु अग्रवाल, मोहम्मद काशिफ कुरैशी, सोनू शर्मा, फय्याज अली खान, मोहम्मद असलम, ठा० विपिन प्रताप सिंह, शहजाद दीवानजी, विष्णु कुमार, मोहम्मद जाहिद, राहुल कुमार, नत्थीलाल प्रजापति, प्रेमपाल सिंह प्रजा. पति, सोनू बघेल, जोजफ जॉन, विष्णु शर्मा, रमेश चंद, राजवीर, आदि के साथ भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थीत थे ।

## तमंचे सहित पकड़ा गया चोर, 17600 रूपये बरामद, भेजा जेल



दादों थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान चोर को तमंचा सहित गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर 17600 रुपये बरामद किए। चोर को न्यायालय ने जेल भेज दिया।थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार मलिक ने बताया कि गांव सांकरा निवासी राजू पुत्र नेम सिंह को सांकरा हजारा नहर पुल से गंगावास की तरफ एक तमंचा 12 बोर व एक जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया। आरोपी ने पूछताछ में बताया बीते सोमवार की रात को सांकरा में शराब पीने के बाद नशे में परचून व मोबाइल की दुकान में कूमल लगाकर गल्ले में से रुपये व एक सिगरेट का पैकेट चुरा लिया। इसके बाद मोबाइल की दुकान की पटिया हटाकर उसमें रखे रुपये चोरी कर लिए थे। चोरी करने के बाद आरोपी ने कुछ रुपये खर्च कर लिए थे। सिगरेट का पैकेट व दोनों दुकान से चुराए गए कुछ रुपये सफेद गमछे में लपेटकर दुकान के पीछे बगिया में बने निर्माणाधीन कमरों में ईटों के बीच छुपा दिए। पुलिस ने चोर की निशानदेही पर 17600 रुपये बरामद कर लिए। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## खाद के लिए लाइन में लगे किसानों में जमकर मारपीट, कपड़े फाड़े, हुआ हंगामा

बडेसरा की साधन सहकारी समिति पर 18 टन डीएपी की सप्लाई हुई। डीएपी वितरण की सूचना पर किसानों की लाइन लग गई। अपराह्न करीब 12 बजे लाइन में लगे किसानों में धक्का मुक्की शुरू हो गई। इससे अव्यवस्था फैल गई। किसानों के बीच धक्का–मुक्की और गाली–गलौज शुरू हो गई। अतरौली में पालीमुकीमपुर थाना क्षेत्र के गांव बडेसरा में डीएपी के लिए लाइन में लगे किसानों के बीच जमकर मारपीट हो गई। मारपीट में कपड़े तक फट गए। हंगामा की सूचना पर पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और किसानों को समझाकर शांत किया।3 अक्टूबर को बडेसरा की साधन सहकारी समिति पर 18 टन डीएपी की सप्लाई हुई। डीएपी वितरण की सूचना पर किसानों की लाइन लग गई। अपराह्न करीब 12 बजे लाइन में लगे किसानों में धक्का मुक्की शुरू हो गई। इससे अव्यवस्था फैल गई। किसानों के बीच धक्का–मुक्की और गाली–गलौज शुरू हो गई। देखते ही देखते किसानों में हाथापाई और मारपीट होने लगी। किसानों के कपड़े भी फट गए। जिससे वहां अफरा–तफरी मच गई। सचिव ने किसानों के बीच मारपीट की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची। किसानों ने एक दूसरे पर मारपीट और लूटपाट का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। एसओ चरण सिंह ने बताया कि दो किसानों में आपस में मारपीट की सूचना मिली है। लूट की बात गलत है। मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

